भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 3921

उत्तर देने की तारीख: 17.03.2026

अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

3921. श्री जय प्रकाश:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना के लाभार्थियों की संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और कुछ शिक्षा संबंधी पहलों के लिए निधि का उपयोग घटकर चालीस प्रतिशत तक रह गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस योजना को अधिक आकर्षक बनाने के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क) और (ख): अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान लाभार्थियों और व्यय के संबंध में आंकड़े, जो नीचे दिए गए हैं, से पता चलता है कि वर्ष 2024-25 में मामूली कमी को छोड़कर लाभार्थियों की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है, जबकि व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है।

वित्त वर्ष	लाभार्थी	व्यय (रुपये करोड़ में)
2022-23	3608	134.07
2023-24	4166	199.82
2024-25	4143	209.50

(ग): इस योजना को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए, सरकार ने कई उपाय किए हैं जैसे कि एक समर्पित ऑनलाइन छात्रवृत्ति और फैलोशिप प्रबंधन पोर्टल के माध्यम से योजना का कार्यान्वयन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से फैलोशिप का संवितरण, सत्यापन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाना और विभाग द्वारा, कार्यान्वयन संगठन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम द्वारा तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भी पात्र छात्रों के बीच व्यापक जागरूकता और कवरेज सुनिश्चित करने के लिए वेबसाइटों और आउटरीच कार्यकलापों के माध्यम से सूचना का प्रसार करना।

*****